राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–306/2023

राज्यपाल ने देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की जयन्ती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की

पटना, 03 दिसम्बर, 2023 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारत के प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डॉ० राजेन्द्र प्रसाद की 139वीं जयन्ती के अवसर पर राजभवन के सामने राजेन्द्र चौक स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित राजकीय समारोह में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने चरखा से सूत कात रही स्वदेशी कंबल आश्रम की महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण भी किया। तत्पश्चात् राज्यपाल ने राजेन्द्र घाट स्थित राजेन्द्र बाबू की समाधि पर पुष्पचक्र अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वहाँ विजिटर बुक में राजेन्द्र बाबू के प्रति अपना भावोद्‌गार अंकित किया।

इस अवसर पर माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय सांसद श्री मनोज झा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी राजेन्द्र बाबू को नमन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती–पूजन किया गया तथा भजन व देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये गये। बिहार गीत की प्रस्तुति भी हुई।

....